कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
{पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)}
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 9.05.2021

प्रेस विज्ञप्ति

साइंस कॉलेज दुर्ग की स्वशासी स्नातकोत्तर परीक्षाएं 25 मई से

शासकीय. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग की स्वशासी प्रणाली के अंदर सभी स्नातकोत्तर कक्षाओं एम.ए., एम.काम, एमएससी, एमलिब आईएससी, एम.एस. डब्लू.,योगा एंड फिलोसाफी तथा पीजीडीसीए की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ ऑनलाईन पद्धति से 25 मई से आरंभ होंगी । यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह तथा स्वशासी परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनिल कश्यप ने संयुक्त रूप से बताया कि छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाएं ऑुनलाईन पद्वति से आयोजित होंगी ।

डॉ. कश्यप ने बताया कि सभी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र दिनांक 25 मई 2021 को प्रातः 9.00 बजे महाविद्यालय की वेबसाइट पर एक साथ अपलोड कर दिये जायेंगे । समस्त स्नातकोत्तर कक्षाओं (स्वशासी पद्वति) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी इन प्रश्नपत्रों को डाउनलोड कर अपने घर पर ही रहकर स्वयं की उत्तरपुस्तिकाओं पर स्वयं के द्वारा हस्तलिखित उत्तर लिखेंगे । समस्त विद्यार्थियों को प्रत्येक उत्तरपुस्तिका के साथ महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा निर्धारित एवं महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट पर उपलब्ध कव्हर पेज लगाना अनिवार्य हैं । इस कव्हर पेज पर विद्यार्थी को अपना रोलनंबर सहित समस्त आवश्यक जानकारी भरना होगा । विद्यार्थियों को उत्तर लिखने हेतु महाविद्यालय प्रशासन द्वारा 10 जून अंतिम तिथि निर्धारित की गई है । विद्यार्थी हाथ से लिखकर भी कव्हर पेज बना सकते हैं । स्वशासी प्रकोष्ठ के नियंत्रक डॉ. अनिल कश्यप के अनुसार विद्यार्थी अपने विषयों के संबंधित विभागाध्यक्षों से संपर्क कर अपनी उत्तर पुस्तिकाएँ आनलाईन रूप से ईमेल द्वारा भी जमा कर सकते हैं । जो विद्यार्थी ईमेल द्वारा उत्तरपुस्तिका जमा करने में असमर्थ हैं वे 10 जून के पश्चात् कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए महाविद्यालय में उत्तरपुस्तिकाओं की हार्डकापी जमा कर सकेंगे । उत्तरपुस्तिकाओं की हार्डकापी जमा करने की तिथि एवं प्रक्रिया की जानकारी महाविद्यालय द्वारा पृथक से दी जायेगी ।

म्हाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. सिंह ने बताया कि स्वशासी स्नातकोत्तर परीक्षा समाप्ति के ठीक पश्चात् 11 जून से 20 जून के मध्य विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा भी ऑनलाईन रूप से आयोजित होगी । विद्यार्थी इस संबंध में अपने विभागाध्यक्षों के संपर्क में रहें ।

प्रति,

संपादक / ब्यूरो चीफ

दैनिक ....दुर्ग

इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे जनहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्राचार्य